>

Title: Need to regulate shipment & storage of chemical waste causing pollution and threatening marine life in Ankleshwar, Gujarat.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच) : अध्यक्ष महोदय, अभी हाल ही में मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के अंकलेश्वर में अप्रैल के प्रथम सप्ताह में केमिकल कबाड़ में भीषण आग लगी थी जिसको बुझाने के लिए कइ दिन लग गये। यह केमिकल कबाड़ पुनः उपयोग के लिए अंकेलश्वर में लाया जाता है जिसका स्टोरेज सही ढंग से नहीं होता है और न ही नियमों का पालन किया जाता है जिसके कारण अंकलेश्वर कूड़े कचरा वाला शहर बन गया है और बुरी तरह से प्रदूषित है। भरूच जिले के साथ जो समुद्र तट लगे हैं वहां पर विदेशों से बड़े पैमाने पर कूड़ा करकट लाया जा रहा है इसमें ऐसी वस्तुं शामिल हैं जिन्हें पुनः उपयोग में नहीं लाया जा सकता है और जो समुद्र में फेंक दिया जाता है जिसके कारण समुद्र की मछलियां मर रही हैं और समुद्र तट का पर्यावरण बुरी तरह से प्रभावित है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे इस जिले में जो गलत ढंग से कचरा ला रहे हैं और उनका सही ढंग से स्टोरेज और नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये।

---

* Treated as laid on the Table.